Amar Ujala_2nd November 2019 (Page 7-Jalandhar Edition)

पटियाला की थापर यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में डिग्रियां हासिल करने वाले विद्यार्थी खुशी जाहिर करते हुए।

2157 विद्यार्थियों को मिली डिग्री, खिल उठे चेहरे

पटियाला की थापर यूनिवर्सिटी का 33वां दीक्षांत समारोह आयोजित

अमर उजाला ब्यूरो

पटियाला। थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी (टीआईईटी) का 33 वां सालाना दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इसमें वर्जिनिया टेक के प्रोवोस्ट सिरिल क्लार्क गेस्ट ऑफ ऑनर रहे। इस दौरान ग्रेजुएट होने वाले विद्यार्थियों को 2157 डिग्री वितरित की गईं। जिनमें 83 पीएचडी डिग्री, 640 मास्टर्स इन इंजीनियरिंग, साइंस, ह्यूमनिटीज एवं मैनेजमेंट की डिग्री तथा 1434 इंजीनियरिंग में बैचलर की डिग्री शामिल हैं।

मेडल विजेताओं में कनिष्क अग्रवाल को सर्वाधिक सीजीपीए के लिए प्रेसीडेंट का मेडल, केशव गोयल को सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए सरदार रणबीर सिंह मेमोरियल मेडल दिया गया। अर्शजोत कौर को प्रोफेसर वी. राजारमन कंप्यूटर साइंस

वर्जीनिया टेक के प्रोवोस्ट सिरिल क्लार्क गेस्ट ऑफ ऑनर रहे

83 पीएचडी डिग्रियां दी गईं, कनिष्क अग्रवाल को प्रेसीडेंट मेडल

इंजीनियरिंग अवार्ड व कनिष्क अग्रवाल को एसरामएस सिद्धू मेमोरियल मेडल दिया गया। प्रोफेसर प्रकाश गोपालन, डायरेक्टर थापर यूनिवर्सिटी ने डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी एवं इंस्टीट्यूट की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

उन्होंने यह भी बताया कि विश्व विद्यालय की सफलता अत्याधुनिक शोध, बेहतरीन बुनियाद एवं इंस्टीट्यूट, उद्योग के उत्तम संबंधों पर टिकी होती है। थापर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने 2018 में स्कोपस जर्नल्स में 1140 शोधपत्र प्रकाशित किए और 118 से अधिक स्पॉन्सर्ड शोध परियोजनाएं प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने इंस्टीट्यूट की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग और सम्मान के बारे में भी बताया।

एसबीआई बैंक ने किया व्हिसप्रिंग बड्र्स के बच्चों का सम्मान

मुक्तसर। कोटकपूरा रोड स्थित व्हिसप्रिंग बड्र्स स्कूल में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच की ओर से बच्चों का सम्मान किया गया। बैंक की ओर से स्कूल के दस मेधावी बच्चों को सरदार वल्लभ भाई पटेल अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। बैंक प्रबंधकों की ओर से बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी गई। स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की एमडी अनामिका वर्मा औरचेयरमैन राजिंदर वर्मा ने बताया कि मौके पर समूह स्कूल स्टाफ मौजूद था।